आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 24.10.2025 समय : 0705

<><><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 51 हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे।

- राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान पर्यटन विभाग ने कल साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया।

- टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त की अध्यक्षता में अभियान की प्रगति पर समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

- पर्यटन निदेशालय, की ओर से आज और कल बीच स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन किया जा रहा है।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज सुबह रोज़गार मेला पहल के तहत विभिन्न सरकारी विभागों और संगठनों में नवनियुक्त युवाओं को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के ज़रिए 51 हज़ार से ज़्यादा नियुक्ति पत्र प्रदान करेंगे। इस 17वें रोज़गार मेले के दौरान प्रधानमंत्री नवनियुक्त युवाओं को संबोधित भी करेंगे। रोज़गार मेला कार्यक्रम आजीविका सृजन को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता को पूरा करने की दिशा में एक कदम है।

<><><><><><><>

गृह मंत्रालय से प्राप्त निर्देशों के अनुसार राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के दौरान पर्यटन विभाग ने अंडमान निकोबार पुलिस के सहयोग से, कल एक साइबर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में पर्यटन हितधारकों, टूर एवं ट्रैवल संचालकों और पर्यटन उद्योग के विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिनिधियों ने भाग लिया। भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र –आई4सी के नेतृत्व में आयोजित इस अभियान का उद्देश्य नागरिकों और संस्थानों के बीच साइबर अपराध से उत्पन्न खतरों के बारे में जागरूकता पैदा करना और सुरक्षित एवं जिम्मेदार डिजिटल प्रथाओं को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर पर्यटन निदेशक ने साइबर खतरों के प्रति पर्यटन क्षेत्र की बढ़ती संवेदनशीलता पर ज़ोर देते हुए सभी हितधारकों से सुरक्षित डिजिटल प्रथाओं को अपनाने और ऑनलाइन लेनदेन और संचार के दौरान सतर्क रहने का आग्रह किया। निदेशक ने प्रतिभागियों को पर्यटन पारिस्थितिकी तंत्र में साइबर सुरक्षा को मज़बूत करने के लिए अपने सुझाव और प्रतिक्रिया साझा करने के लिए भी प्रोत्साहित किया। पुलिस विभाग के अधिकारियों ने विभिन्न

प्रकार की साइबर धोखाधड़ी, साइबर स्वच्छता के महत्व और सुरक्षित ऑनलाइन प्रथाओं, विशेष रूप से पर्यटन और आतिथ्य क्षेत्रों में डिजिटल लेनदेन, ग्राहक डेटा और ऑनलाइन संचार को संभालने के बारे में जानकारी दी। प्रतिभागियों को राष्ट्रीय साइबर अपराध रिपोर्टिंग पोर्टल और साइबर अपराधों से संबंधित शिकायत दर्ज करने के तंत्र के बारे में भी जानकारी दी गई।

<><><><><><>

वस्तु और सेवा कर बचत उत्सव का लाभ समाज के सभी वर्गों को पहुंच रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इसे बचत उत्सव नाम दिया था। द्वीपसमूह में स्टेशनरी वस्तुओं पर जी एस टी सुधार के बाद मिलने वाले लाभ के बारे में बताते हुए स्थानीय निवासी ने कहा–

<><><><><><>

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल ने कहा है कि देश भर में 10 करोड़ स्मार्ट बिजली मीटर लगाने का लक्ष्य है, जिनमें से 1 करोड़ मीटर पहले ही लगाए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्मार्ट मीटर लगने से उपभोक्ता अपनी बिजली की खपत पर नियंत्रण रख सकेंगे और बिजली की बचत कर सकेंगे।

<><><><><><>

भारतीय रिजर्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत का डिजिटल भुगतान का दायरा तेज़ी से बढ़ रहा है। इस वर्ष की पहली छमाही में कुल भुगतान मात्रा में डिजिटल लेनदेन का योगदान 99 दशलमव 8 प्रतिशत और कुल मूल्य में 97 दशमलव 7 प्रतिशत रहा। इस अवधि के दौरान यूपीआई ने 143.3 लाख करोड़ रुपये मूल्य के 10,600 करोड़ से अधिक लेनदेन किए। कुल मिलाकर, पिछले एक दशक में भारत के डिजिटल लेनदेन की मात्रा में 38 गुना और मूल्य में तीन गुना से अधिक की वृद्धि हुई है।

<><><><><><>

टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत, कल दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त अर्जुन शर्मा की अध्यक्षता में उपायुक्त कार्यालय में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में अभियान की प्रगति का आकलन और टीबी मुक्त दक्षिण अंडमान के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रणनीतियों की रूपरेखा तैयार करने पर चर्चा की गई। समीक्षा के दौरान उपायुक्त ने नैदानिक क्षमताओं जैसे एक्स–रे और एन ए ए टी परीक्षण के बेहतर उपयोग के माध्यम से और मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को इन क्षेत्रों में लक्ष्यों को पूरा करने को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया। जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री के टीबी मुक्त भारत के दृष्टिकोण के अनुरूप, टीबी मुक्त भारत अभियान के प्रति अपनी प्रतिबद्धता

दोहराई। बैठक में स्वास्थ्य विभाग, आईसीएमआर और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों ने भाग लिया।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय, शिक्षा, खेल एवं युवा मामले विभाग के सहयोग से, आज और कल बीच स्पोर्ट्स फेस्टिवल का आयोजन कर रहा है। वंडूर बीच पर आयोजित होने वाला इस दो दिवसीय महोत्सव में आज वॉलीबॉल और रस्साकशी प्रतियोगिता होगी। मैच सुबह 10 बजे शुरू होगा। प्रतिभागियों से सुबह 9 बजे तक वंडूर तट पहुंचने को कहा गया है। विजेताओं और उपविजेताओं को कल नकद पुरस्कार से सम्मानित किया जाएगा।

<><><><><><><>

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ने दक्षिण अंडमान जिला प्रशासन और बाल कल्याण समिति के समन्वय के साथ एक नाबालिग पीड़ित लड़की को उसके पैतृक निवास, पूर्व बर्धमान, पश्चिम बंगाल में सुरक्षित वापस भेज दिया है। चाथम पुलिस स्टेशन की ओर से पॉक्सो अधिनियम के तहत मामला दर्ज किए जाने के बाद पीड़ित लड़की को बाल कल्याण समिति के देखरेख और संरक्षण में रखा गया। सत्यापन के बाद, पीड़ित लड़की को उनके अभिभावकों को सौंप दिया गया। यह मामला अंतर–राज्यीय समन्वय के महत्व और बच्चों के अधिकारों और सम्मान की रक्षा में कानूनी और बाल संरक्षण अधिकारियों की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

<><><><><><><>

शहीद द्वीप में आयोजित तीन दिवसीय खगोल–पर्यटन गाइड प्रशिक्षण कार्यशाला का कल समापन हो गया। सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय ने ओपन स्पेस फ़ाउंडेशन और सी–एसटीईआरसी के सहयोग से इस कार्यशाला का आयोजन किया। खगोल विज्ञान और दूरबीन के उपयोग पर आधारभूत सत्रों के अलावा, खगोल–पर्यटन के व्यवसाय और स्थिरता के आयामों पर ध्यान केंद्रित किया गया। प्रशासन के सहयोग से आयोजित यह कार्यशाला श्रृंखला अंडमान को एक डार्क स्काई और सतत खगोल–पर्यटन स्थल के रूप में स्थापित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

<><><><><><><>

प्रशासनिक कारणों से 30 और 31 अक्तूबर को आयोजित होने वाली 'ओपन स्विमिंग प्रतियोगिता' स्थगित कर दी गई है। खेल एवं युवा मामले विभाग ने कहा है कि पुनर्निर्धारित तिथि की सूचना शीघ्र ही दी जाएगी।

**<><><><><><><>**